हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 4 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

4
मोर गांव मोर पानी से संवरेगी खेती, सरपंचों ने लिखी पाती



## खबर संक्षेप

### अघोर पीठ गम्हरिया आश्रम में लगा मिर्गी चिकित्सा शिविर

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट, जशपुर (छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में आगामी 8 फरवरी 2026, रविवार को जशपुर जिले के गम्हरिया स्थित "अघोर पीठ", वामदेव नगर में एक निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रविवार प्रातः 4 बजे से सूर्योदय से पूर्व तक संचालित किया जाएगा। शिविर में मिर्गी रोग से पीड़ित रोगियों को फकीरी एवं आयुर्वेदिक पद्धति से स्वनिर्मित औषधियों के माध्यम से उपचार प्रदान किया जाएगा। यह चिकित्सा पूर्णतः निःशुल्क होगी। उपचार की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए रोगियों को 7 फरवरी 2026, शनिवार को ही स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस दौरान रोगियों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। रोगियों को अपने साथ एक सहयोगी व्यक्ति लाना आवश्यक है। साथ ही, शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गर्म वस्त्र एवं कंबल साथ लाने की सलाह दी गई है यह शिविर मिर्गी रोग से पीड़ित व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा, जिससे उन्हें वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लाभ प्राप्त हो सकेगा।ट्रस्ट द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह औषधि गर्भवती महिलाओं के लिए निषिद्ध है।

### योजनाओं के लाभ के लिए किसान आईडी कार्ड अनिवार्य

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा जारी एग्रीस्टेक के अंतर्गत किसानों के लिए डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य किया जा रहा है। निकट भविष्य में समस्त कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसान आईडी आवश्यक होगी। कलेक्टर रोहित व्यास ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसान आईडी निर्माण हेतु व्यापक जागरूकता प्रसार करने के साथ ही किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना किसान आईडी कार्ड बनवाएं और डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने में सहभागी बनें। डिजिटल किसान आईडी कार्ड के माध्यम से किसानों को फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि अनुदान, सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय तथा कृषि ऋण जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। किसान अपना डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाने के लिए बी-1 , आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र में जाकर संपर्क कर सकते हैं।

### ट्रक ने बाइक सवार व्यापारी को कुचला

**अम्बिकापुर।** शहर के नमनाकला स्थित रिंग रोड के डिवाइडर को क्रॉस करने के दौरान ट्रक ने बाइक सवार व्यवसाई को कुचल दिया। दुर्घटना में घटनास्थल पर ही व्यवसायी की मौत हो गई। व्यवसायी बाजार से बाइक पर कुछ सामान लोड कर घर लौट रहा था तथा घर से महज 30 मीटर की दूरी पर हादसे के शिकार हो गए। हादसा एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नमनाकला निवासी व्यवसायी प्रहलाद सोनी (50वर्ष) सोमवार को शाम बाजार से कुछ सामान लेने निकले थे तथा सामान को बाइक पर लोड कर घर लौट रहे थे। वे अपने घर के पास रिंग रोड के डिवाइडर को क्रास कर बस स्टैण्ड की ओर जाना चाह रहे थे। उन्होंने जैसे ही डिवाइडर क्रॉस किया गांधी चौक से बस स्टैण्ड की ओर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक से बाइक टकरा गई तथा व्यवसाई बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान बाइक सवार प्रहलाद सोनी का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा आवागमन बाधित हो गया। इस दौरान रिंग रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

---

जिले में शुरू होने जा रही डायल 112 सेवा

# अब एक कॉल पर मिलेगी पुलिस की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 11 थाना क्षेत्रों और रक्षित केंद्र से होगा संचालन
- शहरी-ग्रामीण इलाकों को मिलेगा त्वरित रिस्पॉन्स

जिले के लोगों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

छत्तीसगढ़ के बड़े शहरों की तर्ज पर जशपुर जिले में भी डायल 112 आपातकालीन सेवा शुरू होने जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा इसकी सभी प्रशासनिक और तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सेवा के शुरू होते ही जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में आम नागरिकों को एक कॉल पर त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी। लोकेशन से पुलिस रिस्पॉन्स सिस्टम संचालित किया जाएगा। इनमें थाना जशपुर, लोदाम, कुनकुरी, कांसाबेल और पत्थलगांव शामिल हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में थाना तपकरा और थाना बगीचा को जोड़ा गया है, जबकि ग्रामीण अंचलों में थाना आस्ता, थाना तुमला और थाना सन्ना से सेवा संचालित होगी। इसके साथ ही रक्षित केंद्र जशपुर (रिजर्व) को भी डायल 112 नेटवर्क से जोड़ा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल तुरंत उपलब्ध कराया जा सके।




### आपात स्थिति में जड़ से जल्द पुलिस सहायता पहुंचाना ही उद्देश्य

डायल 112 का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में आम नागरिकों तक कम से कम समय में पुलिस सहायता पहुंचाना है। सड़क दुर्घटना, मारपीट, चोरी, महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था या अन्य किसी भी आपात घटना की सूचना अब सीधे 112 नंबर पर दी जा सकेगी। कॉल मिलते ही जिला कंट्रोल रूम सक्रिय होगा और संबंधित क्षेत्र की पेट्रोलिंग टीम को तत्काल मौके के लिए रवाना किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस व्यवस्था से रिस्पॉन्स टाइम में उल्लेखनीय कमी आएगी और घटनाओं पर समय रहते नियंत्रण संभव हो सकेगा।

### आधुनिक पुलिसिंग

डायल 112 सेवा की शुरुआत जिले में सुरक्षित, संवेदनशील और आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इसके प्रभावी संचालन से जिले की कानून-व्यवस्था के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### आधुनिक तकनीक से लैस होगी डायल 112 सेवा

डायल 112 सेवा को आधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। सभी रिस्पॉन्स वाहनों में जीपीएस, वायरलेस और आधुनिक संचार उपकरण लगाए गए हैं, जिससे कॉल करने वाले की लोकेशन तुरंत ट्रेस की जा सकेगी। यह व्यवस्था खासकर दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, जहां अब पुलिस तक पहुंच पहले से कहीं अधिक आसान और तेज हो जाएगी। इससे जिले में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमजन में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ेगा।

### नागरिकों को त्वरित सहायता

इस संबंध में डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डॉ लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि "डायल 112 सेवा का उद्देश्य आम नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। इस सेवा के माध्यम से पुलिस का रिस्पॉन्स समय काफी कम होगा। आधुनिक तकनीक से लैस वाहन और प्रशिक्षित पुलिस बल तैनात किए गए हैं, ताकि सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। यह सेवा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेगी।

---

डबल मर्डर केस में बड़ा फैसला

# पत्नी और सास की हत्या आरोपी को उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- शराब के नशे में विवाद बना मौत की वजह, नए कानून के तहत सुनाई गई सख्त सजा

जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजरीढाप में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। नए आपराधिक कानून के तहत सुनाए गए इस फैसले को घरेलू हिंसा और नशे में किए गए जघन्य अपराधों के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है।

नवंबर 2024 में घटित इस हृदयविदारक घटना में आरोपी खीरसागर यादव उम्र 28 वर्ष ने शराब के नशे में विवाद के दौरान अपनी पत्नी रोशनी बाई उम्र 26 वर्ष और बीच-बचाव करने आई सास ⏭ शेष पेज 4 पर




### पिता ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

घटना के बाद आरोपी के पिता चक्रधर यादव ने चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि खीरसागर यादव पहले केरल में मजदूरी करता था और करीब एक साल पहले एक महिला व दो बच्चों के साथ गांव लौटा था। महिला को पत्नी बताते हुए उसने दोनों बच्चों को अपना बताया। अलग जाति की होने के कारण परिवार ने उसे जमीन और मकान देकर अलग कर दिया था। आरोपी और उसकी पत्नी के बीच आए दिन शराब के नशे में विवाद होता रहता था।

### ऐसे हुई थी वारदात

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 नवंबर 2024 की शाम करीब 6 बजे आरोपी और उसकी पत्नी शराब पीने के बाद आपस में झगड़ रहे थे। सब्जी बनाने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि खीरसागर यादव ने लकड़ी के डंडे से पत्नी पर हमला कर दिया। पहला डंडा टूटने के बाद उसने दूसरा डंडा उठाकर रोशनी बाई के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी।पत्नी को बचाने के लिए उसकी मां जगरमनी बाई मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी ने उन पर भी लगातार वार किए। दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस ने की 24 घंटे में गिरफ्तारी

डबल मर्डर जैसी गंभीर घटना को देखते हुए जशपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को 24 घंटे के भीतर 19 नवंबर 2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। आरोपी के खिलाफ चौकी कोतबा, थाना बागबहार में अप.क्र. 141/24 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (दो बार) एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3(2)(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।

---

# संभाग स्तरीय कार्यक्रम में की गई पावर कंपनी के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

छत्तीसगढ़ राज्य एवं पावर कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य पावर कंपनी द्वारा पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता सिंह, नपा उपाध्यक्ष अजय बंसल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वरी बेहरा, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, पार्षद ममता यादव, पार्षद विमला बेक, पार्षद कविता नारंगे, सलमी निकुंज, शीला गुप्ता सहित विद्युत विभाग के एस.पी. मरकाम(एक्जीक्यूटिव इंजीनियर), अमृत बेक(जे.ई.), मनीष खत्री (असिस्टेंट इंजीनियर), दीपक प्रधान (असिस्टेंट इंजीनियर) एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से किया गया तथा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व राजगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर 5 पीएम सूर्यघर योजना, 5 बीपीएल उपभोक्ताओं, नियमित बिल भुगतान करने वाले 5 हितग्राहियों एवं 5 कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्युत विभाग द्वारा एलईडी के माध्यम से पावर कंपनी की 25 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। जिसकी सराहना उपस्थित लोगों ने से की। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने कहा कि सौ फीसदी विद्युतीकरण, 24x7 बिजली, कृषि फीडर, डिजिटल सेवाएँ और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए कार्य पावर कंपनी की विकास यात्रा को दर्शाते हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल ने कहा कि भाजपा की विकासोन्मुख सोच और जनहितकारी नीतियों के मार्गदर्शन में पावर कंपनी ने आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की नींव मजबूत की है। यह 25 वर्ष सेवा, समर्पण और प्रगति का प्रतीक है। राज्य गठन के बाद सीमित संसाधनों से शुरू होकर आज कंपनी ने 24x7 बिजली आपूर्ति, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण और मजबूत पारेषण-वितरण व्यवस्था स्थापित की है।

### जनप्रतिनिधि व हितग्राही हुए सम्मानित



- रजत महोत्सव में 25 वर्षों की उपलब्धियों का प्रदर्शन

---

# कार्यक्रम देखने गई नाबालिग के साथ दुष्कर्म

- पुलिस ने मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा थाना क्षेत्र से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है।

पीड़िता एक विशेष संरक्षित जनजातीय समुदाय से बताई जा रही है, जिसके चलते मामला और भी संवेदनशील हो गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, घटना बीती रात की है। गांव में आयोजित एक स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कुछ युवक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद बच्ची किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। सूचना मिलते ही बगीचा थाना पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर प्रकरण दर्ज किया गया। पीड़िता को तुरंत चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई।मेडिकल परीक्षण कराया गया। घटनास्थल से जुड़े अहम साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जो वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है।

---

# शराब के नशे में स्कूल पहुंचा बाबू बीईओ बोले- होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शराब के नशे में स्कूल आने वाले बाबू के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीईओ ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। मामला ग्राम तिलडेगा के हाई स्कूल का है।



जानकारी के अनुसार ग्राम तिलडेगा के शासकीय हाई स्कूल में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 निकेश कुमार भगत के शराब पीकर स्कूल आकर काम करने पर प्रिंसिपल ने डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए पत्र भेजा। पत्र के आधार पर बीईओ वेदानंद आर्य ने तिलडेगा स्कूल में पदस्थ बाबू का पुलिस के द्वारा डॉक्टरी मुलाहिजा करवाया, जिसमें निकेश कुमार भगत को शराब पिया हुआ पाया गया। जिसपर बीईओ के द्वारा जांच प्रकरण बनाकर उच्च अधिकारी को कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। अब देखना होगा कि शराब पीकर स्कूलों में आकर स्कूल के वातावरण को खराब करने वाले के खिलाफ उच्च अधिकारियों द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है। इस संबंध में बीईओ वेदानंद आर्य ने बताया कि स्कूलों में जिम्मेदारी पूर्वक काम करना होगा। शराब पीकर आना, बिना छुट्टी लिए स्कूल से गोल रहने पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

# पंडित रेवती रमण मिश्र स्मृति पुरस्कार में जिले का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पंडित रेवती रमण मिश्र स्मृति पुरस्कार शैक्षणिक सत्र 2004-05 से प्रत्येक वर्ष मेरिट लिस्ट में आए मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है।

इसी तारतम्य में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरगुजा शैक्षणिक संभाग जिसमें सरगुजा, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, सूरजपुर, बलरामपुर एवं जशपुर आते हैं से मेरिट में आए मेधावी विद्यार्थियों को 1 मई को पंडित रेवती रमण मिश्र फाउंडेशन कार्यालय में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में पुरस्कार के संस्थापक अनूप कुमार मिश्र के द्वारा मेरिट में आए चयनित मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया एवं उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ भी दी गई । पंडित जी द्वारा रचित कविता ‟मातृभूमि का प्यार हृदय में लेकर हम जीते हैं‟ का गायन सभी छात्रों के साथ किया। कार्यक्रम में प्रभू नारायण वर्मा, शशिकांत दुबे, अरुण त्रिपाठी एवं चयनित मेधावी छात्र छात्राएं एवं उनके परिवार के सदस्य एवं मित्रगण विशेष रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप ज्योति परम ज्योति दीप ज्योति जनार्दनः एवं सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित करके एवं पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया एवं समापन वन्दे मातरम के सुमधुर गायन के साथ सम्पन्न हुआ ।

### कक्षा 10वीं के पुरस्कृत छात्र

नमन खुंटिया जशपुर, टीपेश प्रसाद यादव जशपुर, युवराज पैकरा जशपुर, अनुष्का सिंह जशपुर, अंकित कुमार यादव जशपुर, हर्षिता सिंह जशपुर, पूजा चौहान जशपुर, जितेंद्र बंजारे जशपुर, संजना पैकरा पत्थलगांव, भूमिका राजवाड़े लखनपुर, करीना टोप्पो जशपुर, रीतू कुर्रे जशपुर, दिव्या चौहान अंबिकापुर, ख़ुशबू बारिक अम्बिकापुर, माही डनसेना जशपुर, अंबिराज पहाड़िया जशपुर शामिल हैं।

### ये होंगे पुरस्कृत

श्रुति मंगतानी मनेन्द्रगढ़, निशाएक्का जशपुर, रूपेश लायेक जशपुर, कक्षा 10वीं के, पूर्णिमा पैंकरा जशपुर, स्तुति पाण्डे जशपुर, बंदना सिंह जनकपुर को बाद में सम्मानित किया जाएगा।

---

### दो हाथियों ने गांव में मचाया उत्पात, आधा दर्जन घरों को किया क्षतिग्रस्त

**सीतापुर।** देर रात जंगल से भटककर गांव पहुंचे दो दंतैल हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान दोनों हाथियों ने गांवों में विचरण के दौरान लगभग आधा दर्जन घरों को अपना निशाना बनाया। जंगली हाथियों के गांव में आने की भनक लगते ही ग्रामीण सुरक्षित ठिकानों की ओर पलायन कर गए थे। जंगली हाथियों के आने की खबर सुन जंगल से सटे गांव के लोग ठंड में रतजगा करने को मजबूर हैं। फिलहाल हाथियों ने घर के अलावा जानमाल को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। वन अमला हाथियों की मौजूदगी पर अपनी नजरें जमाये हुए हैं और लोगों को जंगली हाथियों से बचने की सलाह दे रही है।

---

देवभूमि द्वारिका में छत्तीसगढ़ प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण

# गुजरात मॉडल से पंचायतों को मिली नई दिशा, सुशासन के प्रभावी मॉडल पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम स्वराज एमएम की अवधारणा को मजबूत करने और पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों के लिए गुजरात में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह- अध्ययन भ्रमण का समापन देवभूमि द्वारिका जिला पंचायत में हुआ।

अंतिम दिन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एबी पोनदोर (आईएएस) की उपस्थिति में पंचायत विकास की आधुनिक कार्यप्रणालियों, योजनागत नवाचारों और सुशासन के प्रभावी मॉडल पर गहन मंथन किया गया। समापन सत्र में पंचायत विकास सूचकांक पर आधारित 9 थीम के अंतर्गत जिला पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि किस प्रकार लाइन विभागों की सक्रिय भूमिका, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता, सामान्य सभा में अनुमोदन की सुव्यवस्थित प्रक्रिया, जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति और विभागीय योजनाओं की प्रस्तुति से विकास योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।अधिकारियों ने योजनाओं के अभिसरण, पारदर्शी मॉनिटरिंग और जवाबदेही तंत्र पर भी विस्तार से प्रकाश डाला, ताकि पंचायतें तय समय-सीमा में अपने विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। छत्तीसगढ़ से आए जनप्रतिनिधियों ने गुजरात के प्रशासनिक और पंचायत मॉडल को व्यवहारिक, पारदर्शी और अनुकरणीय बताया।



### मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सार्थक संवाद

जनपद और जिला पंचायत स्तर पर गहन चर्चा प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम एवं जनपद पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया, लाइन विभागों के आपसी समन्वय और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर व्यवहारिक समाधान पर सार्थक संवाद हुआ।

### जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर चर्चा

अंतिम दिन जिला पंचायत देवभूमि द्वारिका में आधारित 9 थीम पर जिला पंचायत विकास योजना निर्माण, जनप्रतिनिधियों की भूमिका, सामान्य सभा में अनुमोदन की कार्यवाही तथा विभागीय योजनाओं की प्रस्तुति का गहन अध्ययन कराया गया।समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ से आए सभी प्रतिनिधियों को गुजरात सरकार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अनुभवों और व्यवहारिक सीख के साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण का विधिवत समापन हुआ।

### अनुकरणीय रहा प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में जशपुर जिले से गए परमेश्वर भगत, अध्यक्ष, जनपद पंचायत मनोरा ने कहा कि "गुजरात में पंचायतों द्वारा राजस्व संग्रह, योजनाओं के अभिसरण और पारदर्शी मॉनिटरिंग की जो कार्यप्रणाली देखने को मिली है, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यहां से मिली सीख को मनोरा जनपद पंचायत सहित जशपुर जिले की पंचायतों में लागू कर विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। इससे गांवों में बुनियादी सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान के लिए फेलोशिप से सम्मानित हुए डॉ दीपक



बिश्रामपुर। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस,रायपुर के चिकित्सा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दीपक जायसवाल को उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान एवं शैक्षणिक सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया,यह सम्मान 30 जनवरी को पटना,बिहार में आयोजित राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया,इस अवसर पर देश-विदेश से आए अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे,डॉ. दीपक जायसवाल को यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके निरंतर अनुसंधान, रोगी-सेवा एवं शिक्षण कार्यों के लिए दिया गया,उनके सम्मान से संस्थान एवं चिकित्सा जगत में हर्ष का माहौल है।गौरतलब है कि डॉ दीपक जायसवाल नगर पंचायत शिवनन्दनपुर-बिश्रामपुर मुख्य मार्ग निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता बनारसी लाल जायसवाल के ज्येष्ठ पुत्र हैं।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एसजीजीयू रासेयो प्रकोष्ठ ने प्रेषित की सहयोग राशि



अम्बिकापुर। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित पीड़ितों की सहायता हेतु संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय की रासेयो प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों, अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा एकत्रित की गई 72497 रूपये की सहयोग राशि प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में प्रदान की गई। राशि कुलपति एवं कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी को सौंपी गई, ताकि इसे प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में प्रेषित किया जा सके। इस कार्य में जिला संगठक प्रो.खेमकरण अहिरवार, प्रो.विनायक साय, प्रो.नंद कुमार देवांगन तथा प्रो.सी.बी. मिश्रा ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर कुलपति ने रासेयो प्रकोष्ठ के इस मानवीय एवं संवेदनशील प्रयास की सराहना की तथा कहा कि आपदा के समय पीड़ितों के लिए आगे आना रासेयो की मूल भावना को दर्शाता है। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने भी इसे सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### बीए फाइनल के छात्र ने लड़की से वीडियो काल कर पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर**। बीए फाइनल के छात्र ने बीती रात एक लड़की से वीडियो कॉल कर उसके सामने ही जहर पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लहसुन पाठ निवासी अरविंद यादव आ. डोमन यादव (20 वर्ष) पिछले तीन साल से शंकरगढ़ में किराए के मकान में रहकर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इस वर्ष युवक बीए फाइनल में पढ़ाई कर रहा था। बीती रात युवक एक लड़की को वीडियो कॉल किया और बात करने के दौरान ही उसके सामने जहर पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक के किराए के मकान में पहुंचे जहां युवक अचेत हालत में पड़ा हुआ था। परिजन उसे तत्काल शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि अरविंद पढ़ाई करने के दौरान ही लड़की को पसंद करने लगा लेकिन लड़की ने उसे इंकार कर दिया जिससे वह जहर पी लिया। परिजन ने बताया कि घटना की जानकारी लड़की ने ही उसके रिश्तेदार को फोन कर बताई जिसके बाद युवक के जहर पीने की बात पता चला। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

### जनवरी माह में भटगांव महाप्रबंधक व अन्य 18 कोल कर्मी हुए सेवानिवृत्त

बिश्रामपुर। एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के महाप्रबंधक दिलीप माधवराव बोबडे शनिवार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए,इस अवसर पर भटगांव क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें समारोह में विदाई दी,इसी तरह जनवरी माह में बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत अन्य 18 कर्मी शनिवार 31 जनवरी को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए,जिन्हें यूनिट स्तर विदाई समारोह का आयोजन कर प्रबंधन की तरफ से विदाई दी गई है,बिश्रामपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए कोल कामगारों में बिश्रामपुरओपन कास्ट से परितोष कुमार,अरुण तिवारी,एमडी शमीम खान,मोहन राम, गायत्री खदान से सिरधन ,जगलाल,अमेरा खदान से रामाशीष शर्मा,अश्विनी कुमार सेन,सत्येंद्र पांडेय,कुमदा 7-8 खदान से हजरत अली,राधे कृष्णा, बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से देवनारायण सिंह,हुकुम साय,उत्तम राम,बिहारी, रेहर खदान से आनंद राम,नागेंद्र प्रसाद,आरजीके सब एरिया से मोहर मनी,गायत्री खदान से जगलाल, उक्त सभी 18 कर्मियों को उनके कार्यस्थलों पर प्रमुखों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें शॉल,श्रीफल और मेडिकल कार्ड समस्त देयकों के भुगतान संबंधित पत्र और कंपनी से कोल कर्मियों को मिलने वाले उपहार सौंप विदाई दी गई।

### भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बने अभिषेक

भैयाथान। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। भैयाथान मंडल अध्यक्ष के रूप में अभिषेक गुप्ता को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंडल के नेताओं के साथ बैठक कर जल्द ही मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

---

### कीड़े वाला भोजन देने तथा प्रताड़ना का लगाया आरोप

# छात्रावास की अव्यवस्था को लेकर छात्राओं ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज. प्रतापपुर

**कस्तूरबा छात्रावास की अधीक्षिका हटाई गई**



कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्था, कीड़े लगे भोजन और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गईं। सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच शुरू हुआ यह आंदोलन कुछ ही देर में जन आक्रोश में बदल गया। बच्चियां सड़क के बीच बैठकर कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और प्रतापपुर का मुख्य मार्ग करीब डेढ़ घंटे तक जाम रहा।

धरना प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने आरोप लगाया कि छात्रावास में उन्हें कीड़े लगा हुआ भोजन, अत्यधिक पतली दाल, बिना सब्जी का खाना और मेनू के विपरीत भोजन दिया जाता है। कई बार भोजन की मात्रा इतनी कम होती है कि भूखी सोने को मजबूर हो जाती हैं। छात्राओं ने बताया कि शासन से मिलने वाली शैम्पू, साबुन, तेल, सेनेटरी सामग्री सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से नहीं दी जातीं और जब वे सवाल उठाती हैं तो उन्हें डांट, डर और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। छात्राओं का कहना है कि उन्होंने कई बार छात्रावास अधीक्षिका से शिकायत की लेकिन सुधार के बजाय प्रताड़ना और बढ़ गई। बीईओ कार्यालय, बीआरसी, जनपद और जिला स्तर तक शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे मजबूर होकर बच्चियों को सड़क पर उतरना पड़ा।

**जनता का फूटा गुस्सा**

आदिवासी बच्चियों को इस हालत में देखकर स्थानीय नागरिक, अभिभावक और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। लोगों ने शिक्षा विभाग और प्रशासन की घोर निंदा करते हुए इसे संस्थागत अपराध करार दिया और कहा कि छात्रावास की बदहाली के लिए सीधे तौर पर बीईओ और बीआरसी जिम्मेदार हैं, जो वर्षों से समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे।

**कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई**

सूचना मिलने पर एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभ में छात्राओं ने किसी भी अधिकारी की बात मानने को तैयार नहीं थीं। लेकिन बाद में एसडीएम द्वारा कलेक्टर से फोन पर बातचीत कराई गई तब जाकर छात्राओं ने अधिकारियों से अपनी समस्या बताई।

**अधीक्षिका को हटा दिया गया**

कलेक्टर के निर्देश पर आश्रम अधीक्षिका देवमन को तत्काल छात्रावास से हटा दिया गया है और उनके खिलाफ निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही जांच दल गठित कर जिला शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेजा गया, उन्होंने बच्चियों के बयान दर्ज किए।

ललिता भगत, एसडीएम

---

## प्ले हार्ड पार्टी हार्ड के साथ शुरू हुआ स्पोर्ट्स फेस्ट



हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट – 2026 के उद्घाटन के अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष उम्मेद सिंह चरन ने कहा कि खेल जीवन के प्रत्येक पायदान पर है। खेलों से प्रतिस्पर्धा, मनोरंजन के साथ शरीर को शक्ति मिलती है, जो हमें ऊर्जावान बनाती है। उन्होंने खिलाड़ियों से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

■ प्रारम्भ होंगी विविध स्पर्धाएं

मुख्य अतिथि उम्मेद सिंह चरन ने झंडोत्तोलन कर स्पोर्ट्स फेस्ट का आगाज किया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले ने कहा कि अच्छी पढ़ाई के लिए अच्छा शरीर होना आवश्यक है। खेलों से ही हमें स्वस्थ शरीर मिलता है जिसमें स्वस्थ मन, दिमाग का विकास होता है। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि खेलों से हमें फिटनेस, फ्रेंड, फैमिली और फ्रीडम मिलता है। खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लें। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और गोला फेंक कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, स्लो साइकिल रेस, रस्साकशी, बैडमिंटन, शतरंज, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं खेली जायेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.जगमीत कौर एवं आभार प्रदर्शन एनईपी समन्वयक डॉ.आर.एन शर्मा ने किया। इस दौरान अनिता चरन, प्रबंध समिति की सदस्य अलका इंगोले, डॉ.शैलेष देवांगन, अरविन्द तिवारी, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सेन, डॉ.दिनेश शाक्य सहित अन्य प्राध्यापक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

---

## बेसमेंट निर्माण के लिए खोदा गड्ढा, झुक गई बगल की 3 मंजिला बिल्डिंग

**मंडराया भवन के गिरने का ख़तरा, संगम गली में आवागमन कराया गया बंद, परमिशन के विपरीत कराया जा रहा था निर्माण, नोटिस**



**अंबिकापुर**। बेसमेंट पार्किंग निर्माण के लिए मनमाने तारीक से की गई खुदाई के कारण एक बिल्डिंग गिरने की कगार पर आकर खड़ी हो गई है। खुदाई के लिए गड्ढा किए जाने के दौरान रातों रात तीन मंजिला बिल्डिंग झुक गई। शहर के बीचो बीच बिल्डिंग के झुक जाने से स्थिति बेहद खतरनाक हो गई है और दुर्घटना की संभावना बन गई है। इधर हादसे की संभावनाओं को देखते हुए मार्ग को बंद करा दिया गया है और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को तैनात किया गया है। इधर नगर निगम द्वारा काम बंद कराने के साथ ही भूमि स्वामी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

बताया जा रहा है कि शहर के संगम चौक पर दिनेश कश्यप, मनोज कश्यप व अन्य द्वारा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और रेसिडेंशियल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस भवन निर्माण में जी पल्स तीन के आधार पर बेसमेंट पार्किंग व ग्राउंड फ्लोर के साथ तीन मंजिला भवन का निर्माण कराया जाना है। भवन निर्माण के लिए भूमि स्वामियों द्वारा बड़ी बड़ी मशीनें लगाकर खुदाई का काम किया रहा है। जेसीबी व अन्य मशीनों के माध्यम से मिट्टी निकाली गई है लेकिन भवन निर्माण के दौरान भूमि स्वामियों द्वारा नियम व मकानों का पालन नहीं किया गया। यही वजह है कि उक्त निर्माणाधीन भवन के बगल में मौजूद तीन मंजिला भवन पर खतरा मंडराने लगा है। संगम गली में मौजूद उक्त भवन डॉ. धनंजय प्रसाद की है। लोगों का कहना है कि रातों रात बिल्डिंग झुक गई और दरार आ गई है।

**गार्डर लगाकर टिकाया भवन**

इस लापरवाही के कारण एक बिल्डिंग को झुक ही गई है लेकिन इसके अगल बगल में मौजूद भवनों पर भी खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में नगर निगम ने सुरक्षा की दृष्टि से आस पास मौजूद घरों के स्वामी बाबूलाल अग्रवाल, लेखराज अग्रवाल और केयर टेकर अशोक गुप्ता को भी सूचना देकर संभावित हादसे के मद्देनजर मकान खाली कर सुरक्षित निकलने कहा गया है। हालांकि फिलहाल इस भवन को गिरने से रोकने के लिए गार्डर लगाया गया है लेकिन यह कितना प्रयास ज्यादा समय तक भवन को गिरने से रोक पाएगा ऐसा नजर नहीं आ रहा है।

**रुकवाया गया है काम**

काम रोक दिया गया है। गड्ढे को पटवा रहे है। परमिशन के विपरीत गड्ढा खोदा गया है। पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई है। आस पास के लोगों को भी सुरक्षा की दृष्टि से जानकारी दी गई है। भूमि स्वामी को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीएन कश्यप आयुक्त ननि

गनीमत यह है कि उक्त भवन वर्षों से खाली पड़ी हुई है और मकान स्वामी परिवार के साथ दूसरे राज्य में चले गए है। हालांकि भवन की देखरेख संगम चौक निवासी अशोक गुप्ता द्वारा की जाती है। भवन झुकने के बाद स्थानीय लोगों व केयर टेकर अशोक गुप्ता ने घटना की सूचना निगम व पुलिस प्रशासन को दी गई जिसके बाद नगर निगम के भवन शाखा एवं उड़न दस्ता की टीम मौके पर पहुंची थी। मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने एसडीएम, तहसीलदार के साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी गई और किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए मार्ग में आवागमन बंद कराने की बात कही।

---

## फाइलेरिया से बचाव हेतु स्वास्थ्य अमले का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बिश्रामपुर**। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.केडी पैकरा के मार्गदर्शन में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान की तैयारी को लेकर बिश्रामपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया,यह प्रशिक्षण 2 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में विकासखण्ड सूरजपुर के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षकों को प्रदान किया गया,प्रशिक्षण का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अभियान को सफल बनाना है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के तीन विकासखण्ड-सूरजपुर, रामानुजनगर एवं प्रेमनगर में 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा,प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। अभियान के प्रथम चरण में 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसके पश्चात 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। 23 से 25 फरवरी तक अभियान के दौरान छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। अभियान अवधि में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी के समीप बूथ संचालित रहेंगे। गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र व्यक्तियों को स्वास्थ्य कर्मियों के समक्ष दवा सेवन कराना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण का संचालन विनय शर्मा प्रशिक्षण समन्वयक एवं डीएमसी धीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. अमित भगत, बीपीएम सुरेश वर्मा, एमटीएस सीके माहेश्वरी, डीके पैकरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## विकसित भारत की जी-राम-जी योजना पर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज. सोनगरा

विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु जी-राम-जी योजना विषय पर जरही मंडल अंतर्गत खड़गवां के मांझापारा स्थित शिव चर्चा भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी अशोक सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी एवं मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि विकसित भारत केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक सामूहिक राष्ट्रीय अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। जिला महामंत्री श्री अशोक सिंह ने कहा कि जी-राम-जी योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की आर्थिक क्रांति का मजबूत आधार है।

उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान राजू शर्मा, समयलाल मिश्रा, शुभम जायसवाल, मुरली प्रसाद चक्रधारी, फागु चक्रधारी, सुरेंद्र जायसवाल, घनश्याम सिंह, धनेश्वर सिंह, उपसरपंच ममता सिंह, दिलीप सिंह, कैलाश चक्रधारी, रमेश चक्रधारी, सुरेंद्र चक्रधारी, सियाराम रजक, मोहरसाय रजक, रामकेवल, रामविलास, अंबिकेश्वर राजवाड़े, मंगल साय, जितेंद्र, अमित सिंह, वकील प्रसाद चौधरी, प्रीतम सिंह, सुमित्रा रजक, कालेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

### भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



भैयाथान। ग्राम रगदा में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिवकुमार तिवारी एवं केवल पतीया तिवारी परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रातः ग्राम गोबरी नदी से पवित्र जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए ग्राम भ्रमण किया। युवा श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद, हरि-नाम संकीर्तन और आकर्षक आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा प्रवक्ता आचार्य रघुनाथ वैष्णव महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा-रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिवस उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा, उसकी उत्पत्ति, शुकदेव-परिक्षित संवाद तथा कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत मात्र ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है।

### माघी पूर्णिमा को संत शिरोमणि रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



बिश्रामपुर। माघी पूर्णिमा की पूर्व संध्या को शोभायात्रा निकालकर ग्राम सतपता में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े थीं,अन्य अतिथियों में जिपं सदस्य कलेश्वरी कुर्रे,अशोक सोनवानी पूर्व सदस्य खाद्य आयोग, पन्नालाल सोनवानी,अजय सोनवानी,राजेन्द्र हितकर उपस्थित थे,स्वागत उद्बोधन अशोक कुमार सोनवानी द्वारा दिया गया,जिसमें संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के संदेशों का वर्णन किया,मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि समाज को गुरु रविदास महाराज जी के बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। जीवन में पांच बिंदु समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, सड़क सुरक्षा व मानव धर्म के विषय पर विस्तार से जानकारी दीं। पन्नालाल, राजेन्द्र हितकर, विजय मिश्रा, गोपाल सिंह विद्रोही द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। इस दौरान देवलाल,देवधन बिंझिया, हरीश आदि शामिल रहे।

---

## रजत जयंती के पर विद्युत उपभोक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. सलका अधिना




छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर डीसी केंद्र के कार्यालय परिसर में रजत ज्योति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के विकास में विद्युत वितरण व्यवस्था की भूमिका को रेखांकित करना तथा उपभोक्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अनुज राजवाड़े और जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता सलका गुलशन कुमार और कनिष्ठ अभियंता रेवटी यशवंत देवांगन ने राज्य शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की जरूरत के हिसाब से 200 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना,एकल बत्ती कनेक्शन,कृषक जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर विस्तार से बताया कि कैसे आप इन योजनाओं से जुड़ कर विद्युत विभाग से अपना फायदा उठा सकते हैं। साथ ही लगातार दो साल तक बिजली बिल पटाने वाले उपभोक्ता,कृषक जीवन ज्योति योजना के हितग्राही और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के हितग्राहियों का मंच से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

---

## आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा करने वाला बजट- भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने बजट को सपनों को साकार करने वाला बताया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मुरली मनोहर जोशी ने बजट प्रस्ताव को विकास को आगे बढ़ाने के लिए समिर्पित बताया।

यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिससे समावेशी विकास पर विशेष जोर दिय गया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है।12 लाख रूपए तक की सालाना आमदनी पर अब कोई कर नहीं लगेगा। वेतनभोगी कर्मचारियों की मानक कटौती की सीमा बढ़ाकर 75 हजार रूपए करने का प्रस्ताव भी स्वागतेय है। प्रवक्ता मुकेश गर्ग ने प्रस्तुत किए गए बजट देश तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने वाला बजट बताया। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बजट को देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन विकास की स्पष्ट दिशा तय करने वाला बजट बताया। उन्होंने बताया कि इस बजट में बुनियादी ढांचे पर बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से रोजगार सृजन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं के लिए किए गए प्रावधान आत्मनिर्भर भारत की नींव को और सुदृढ़ करेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देना आम नागरिकों के हित में एक सराहनीय कदम है। मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत देने की मंशा बजट को जन-हितैषी बनाता है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने केंद्रीय बजट देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन विकास की स्पष्ट दिशा तय करने वाला बताया है। उन्होंने इस बजट में बुनियादी ढांचे पर बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से रोजगार सृजन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर यह बजट विकास, समावेशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला है।



# किच्चा सुदीप के सिनेमा में 30 साल पूरे

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म उद्योग के सुपरस्टारों में से एक, निर्देशक और टीवी होस्ट किच्चा सुदीप ने अपने करियर के 30 साल पूरे कर लिए हैं, और अभिनेता के लिए ये किसी बड़े सपने के सच होने जैसा है। जब अभिनेता ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा था, तब वे कई सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे थे। आज वे सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपने करियर में 'ईगा (मक्खी)', 'विक्रांत रोना' और 'कब्जा' जैसी बहुभाषी हिट फिल्में देने वाले अभिनेता ने 30 साल का सफर पूरा कर लिया है और वे सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और समर्थकों का आभार व्यक्त कर रहे हैं। किच्चा सुदीप ने सोशल मीडिया पर फैंस को धन्यवाद देते हुए और अपनी जर्नी को लेकर भावनाओं से भरा पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, इस अद्भुत, खूबसूरत फिल्म जगत में तीन दशकों के बाद यहां खड़े होकर मेरा दिल बस खुशी से भरा है। सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे एक लड़के से लेकर आज जो कुछ भी यह मुकाम हासिल किया है, वह आपकी बदौलत मेरी कल्पना से कहीं अधिक बड़ा है।

## लाइफ Style

# कृति
## फैशन डिजाइनर को किया थैंक्यू पोस्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बीते महीने अपनी बहन और एक्ट्रेस नुपूर सेनन की शादी धूमधाम से सेलिब्रेट की थी। शादी के बाद अभिनेत्री लगातार अलग-अलग फंक्शन से जुड़ी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन की विदाई को लेकर भी एक भावुक पोस्ट किया था, लेकिन अब उन्होंने इंडस्ट्री के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के लिए एक थैंक्यू पोस्ट किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन और उनके पूरे परिवार ने नुपूर की शादी में जितनी भी इंडियन ड्रेसेज पहनी थीं, उन्हें मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। नुपूर की शादी का लहंगा और उनके माता-पिता समेत कृति की ड्रेस भी मनीष ने खास तौर पर डिजाइन किए थे। अब कृति ने इतनी खूबसूरत इंडियन ड्रेसेज और शादी को यादगार बनाने के लिए डिजाइनर का धन्यवाद किया है। उन्होंने परिवार के साथ फोटोज पोस्ट कर लिखा, "मेरे खास दोस्त मनीष मल्होत्रा के लिए खास पोस्ट। शादी के लिए मेरे पूरे परिवार को इतने खूबसूरत ढंग से सजाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" उन्होंने लिखा, "आपने सभी के लुक को इतने प्यार, स्नेह और आशीर्वाद से कस्टमाइज किया कि दुल्हन से लेकर मेरे माता-पिता तक, जो पहली बार मनीष मल्होत्रा की ड्रेस पहनकर बेहद खुश थे, सभी खुश और सहज महसूस कर रहे थे। सबके चेहरों पर दिख रही खुशी सब कुछ बयां कर रही है। हमारे खास दिन को और भी खूबसूरत बनाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" बहन नुपूर की शादी के दिन कृति ने ऑफ व्हाइट और गोल्डन कलर का लहंगा पहना था, जिस पर पैच वर्क से लेकर बारीक कढ़ाई की गई थी, जबकि अभिनेत्री की मां ने पिंक और गोल्डन कलर की हैवी एम्ब्रॉयडरी वाली साड़ी पहनी थी।




## हॉलीवुड मसाला



# गहरे और मुश्किल किरदार निभाना कठिन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट का कहना है कि परदे पर गहरे और मुश्किल किरदार निभाने के बाद उन्हें अपनी असली जिंदगी में लौटने में काफी मुश्किल होती है। ऑस्कर पुरस्कार जीत चुकी केट विंसलेट ने कहा कि एक कलाकार के तौर वह कुछ अनुभवों के बारे में बहुत कम बात करती हैं, क्योंकि यह बात उन्हें खुद भी कुछ ज्यादा निजी लगती है। उन्होंने बताया कि जब कोई अभिनेता बहुत कठिन किरदार निभाता है, तो उससे बाहर निकलना आसान नहीं होता। उन्होंने अपनी वेब सीरीज 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' का जिक्र करते हुए कहा कि इस भूमिका ने उन्हें अंदर तक थका दिया था। केट ने बताया ऐसे किरदार निभाने के बाद उन्हें जिंदगी में फिर से "री-एंट्री" करनी पड़ती है।



# कॉस्टनर ने की नए अंदाज में वापसी

केविन माइकल कॉस्टनर हॉलीवुड के उन अभिनेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने स्टारडम को शोर-शराबे के बजाय काम की गंभीरता से हासिल किया। 2000 के दशक में उनका फिल्मी करियर कुछ समय के लिए धीमा पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी सिनेमा से दूरी नहीं बनाई। 2010 के बाद उन्होंने नए अंदाज में वापसी की। टीवी सीरीज 'येलोस्टोन' में जॉन डटन की भूमिका ने उन्हें नई पीढ़ी के दर्शकों से जोड़ा और साबित किया कि उम्र अभिनय की गहराई को और मजबूत बनाती है। केविन कॉस्टनर को हॉलीवुड में एक ऐसे कलाकार के रूप में देखा जाता है जो विवादों से दूर रहकर अपने काम पर ध्यान देता है। वे अमेरिकी इतिहास, पश्चिमी संस्कृति और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कहानियों को पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्में अक्सर सत्ता, नैतिकता और व्यक्ति की जिम्मेदारी जैसे विषयों को छूती हैं। इस तरह केविन कॉस्टनर केवल एक सफल अभिनेता नहीं, बल्कि हॉलीवुड के उस दौर के प्रतिनिधि हैं, जहां स्टारडम से अधिक महत्व कहानी, किरदार और विश्वसनीय अभिनय को दिया जाता था।



# निर्माता की कुर्सी पर वापस आईं सौंदर्या

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की जानी-मानी हस्ती और अनुभवी फिल्म निर्माता सौंदर्या रजनीकांत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लंबे समय बाद वह फिल्म निर्माण की दुनिया में वापसी कर रही हैं। इस बीच उन्होंने एक इवेंट में बीते सालों की यादें, संघर्ष और नई शुरुआत की झलक साझा की। दरअसल, सौंदर्या रजनीकांत निर्देशक मदन की फिल्म 'विद लव' के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुईं। वह इस फिल्म की निर्माता हैं। उन्होंने कहा, 'यह पल मेरे लिए सिर्फ एक फिल्मी इवेंट नहीं, बल्कि जीवन का भावुक क्षण है। मैंने निर्देशक वेंकट प्रभु को इस कार्यक्रम में आने के लिए फोन किया था। बातचीत के दौरान वेंकट प्रभु ने मुझे याद दिलाया कि उनकी पिछली फिल्म 'गोवा' को रिलीज हुए पूरे सोलह साल हो चुके हैं।' सौंदर्या ने बताया, 'गोवा' ही वह फिल्म थी, जिसके साथ मैंने निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।



# ओ रोमियो का गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज

**मुंबई।** साजिद नाडियाडवाला और विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस कड़ी में मेकर्स ने नया गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज कर दिया है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने गाया है। कुछ दिनों पहले ही अरिजीत ने घोषणा की थी कि अब वह प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले रहे हैं। इस फैसले के बीच अरिजीत का नया गाना उनके चाहने वालों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। गाने में म्यूजिक कंपोज विशाल भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं। गाने की शुरुआत में फरीदा जलाल की एक दमदार लाइन सुनाई देती है, जो धीरे-धीरे एक मधुर और रोमांटिक धुन में बदल जाती है। इसके बाद शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की केमिस्ट्री गाने के इमोशन्स को और गहरा बना देती है। यह गाना धीरे-धीरे दिल में उतरता है।

# आम्रपाली ने किया मजेदार वीडियो शेयर

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और पोस्ट के जरिए अपने फैंस के दिलों में खास मौजूदगी रखती हैं। उन्होंने एक मजेदार वीडियो शेयर किया। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया पर पंजाबी सॉन्ग 'कित्थे रह गया' काफी ट्रेंड कर रहा है। कई सेलेब्स और सोशल मीडिया यूजर्स, सेलेब्रिटी वीडियो बनाकर ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं। ट्रेंड को फॉलो करते हुए अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने भी शानदार वीडियो बनाया है। वे गाने के बोल पर शानदार एक्सप्रेशन दे रही हैं और कैमरे के सामने गाने की लय के साथ चेहरे के भाव बदल-बदलकर लुत्फ उठा रही हैं।

अभिनेत्री का ये अंदाज काफी आकर्षक लग रहा है और उन्होंने वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर कर स्माइली इमोजी से प्रतिक्रिया दी। फैंस को ये गाने काफी पसंद आ रहे हैं। गाने में आम्रपाली का अंदाज इतना नेचुरल लग रहा है कि वे इसे काफी एंजॉय कर रहे हैं। गाना 'कित्थे रह गया' की बात करें तो इसे नीति मोहन ने अपनी मधुर आवाज में गाया, जबकि इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे और संगीत अभिजीत वाघानी ने तैयार किया था।



# अभिनेत्री से साथ-साथ सफल उद्यमी पारुल

**मुंबई।** बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म 'तू या मैं' में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, 'आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।'

पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, 'मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है।



# तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार राशा

**मुंबई।** बॉलीवुड में फिल्म 'आजाद' से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लि खी है।

इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है 'श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया।'



फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है। अजय भूपति ने पहले 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। बता दें कि राशा थडानी ने फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी अभिनय किया था। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया था। 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी। राशा जल्द ही फिल्म 'लइकी लइका' में नजर आने वाली हैं।

## टीवी मसाला

# हिना खान ने शेयर की तुर्किए यात्रा की झलक, लिखा- छोटे पलों में है खुशी

**मुंबई।** हिना खान का मानना है कि खुशियां सबसे छोटे और साधारण पलों में छिपी होती हैं। अभिनेत्री ने अपनी इस्तांबुल यात्रा की एक शांत और खूबसूरत झलक साझा की, जिसमें वह नाश्ते के दौरान पक्षियों को खाना देती दिखीं। उनके पीछे खूबसूरत हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद का नजारा भी दिखाई दे रहा था। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की शेयर किया है, जिसमें शांत सुबह का नजारा दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि पक्षियों को खासकर चीज बहुत पसंद थी। ऐतिहासिक शहर की खूबसूरती का आनंद लेते हुए हिना इस पल की सादगी और शांति में खुश नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "खुशी है- हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद के खूबसूरत नजारे के साथ पक्षियों को खाना खिलाना। उन्हें चीज बहुत पसंद है।" हिना ने अपने पति रॉकी जैसवाल, मां और परिवार के साथ तुर्की की यात्रा की एक झलक साझा की थी।



## बिली ईलिश को 'वाइल्डफ्लावर' के लिए 'सॉन्ग ऑफ द ईयर'

# दलाई लामा ने 'मेडिटेशन्स' के लिए जीता पहला ग्रैमी

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

संगीत जगत के ऑस्कर के रूप में लोकप्रिय 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स के विजेताओं की लिस्ट सामने आ चुकी है। इवेंट का आयोजन लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में हुआ। यहां संगीत जगत के सितारे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित हुए हो रहे हैं। इस बार की सबसे चर्चित जीत तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की रही। दलाई लामा का यह पहला ग्रैमी है, उन्होंने अपनी ऑडियो बुक 'मेडिटेशन्सः द रिफ्लेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग का अवॉर्ड जीता। इस कैटेगरी में केतनजी ब्राउन जैक्सन, ग्रैमी होस्ट ट्रेवर नूह और अन्य नामी हस्तियों को नोमिनेशन मिला था।



### लैमर को रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक

*68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में कई बड़े नामों ने जीत हासिल की। एल्बम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बैड बनी को उनके स्पैनिश-लैंग्वेज एल्बम डेबी तिरार मास फोटोस के लिए मिला। रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक लैमर और एसजेडए के गाने लूथर को मिला। सॉन्ग ऑफ द ईयर लेडी गागा के अब्राकाडाब्रा को दिया गया, जो उनकी क्रिएटिविटी और परफॉर्मेंस को दर्शाता है।*

### बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ओलिविया डीन ने जीता

वहीं, बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन ने जीता। बेस्ट पॉप वोकल एल्बम भी लेडी गागा के मेहेम को मिला, जो उनकी पॉप स्टाइल की मजबूती दिखाता है। 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में लेडी गागा, निर्माता सर्कट और जैक एंटोनॉफ ने सबसे ज्यादा सात-सात नामांकन हासिल कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। तीनों अलग-अलग संगीत शैलियों में काम करते हैं। इनके ठीक पीछे बैड बनी, लियोन थॉमस और सबरीना कारपेंटर हैं, जिन्हें छह-छह नामांकन मिले हैं। इसके अलावा, म्यूजिक फॉर जॉन विलियम्स को बेस्ट म्यूजिक फिल्म का अवॉर्ड मिला, जिससे निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग ने अपना पहला ग्रैमी जीत लिया।

### के-पॉप एक्ट ने पहली बार जीता ग्रैमी

सॉन्ग ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बिली ईलिश को उनके गाने 'वाइल्डफ्लावर' के लिए मिला। यह उनके भाई फिनियास के साथ सह-लेखन और प्रोडक्शन पर आधारित है। वहीं, के-पॉप ग्रुप से जुड़े के-पॉप डेमन हंटर्स के गाने 'गोल्डन' ने बेस्ट सॉन्ग रिटन फॉर विजुअल मीडिया का अवॉर्ड जीता। यह पहली बार है जब किसी के-पॉप एक्ट ने ग्रैमी जीता है।

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान का ग्राम पंचायत ने किया विरोध

**खरसिया।** सपिया खरसिया मुख्य मार्ग पर प्रस्तावित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान के आवंटन को लेकर ग्राम पंचायत सपिया ने आपत्ति दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत की ओर से इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरसिया को लिखित आवेदन सौंपते हुए उक्त मार्ग पर जारी निविदा को निरस्त करने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि सपिया खरसिया मार्ग ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, विद्यार्थियों तथा व्यापारियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। इसी मार्ग से शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। ऐसे में इस मार्ग पर शराब दुकान खोले जाने से सड़क दुर्घटनाओं, असामाजिक गतिविधियों तथा कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायत ने यह भी बताया कि यह मार्ग दो जिलों की सीमा से लगा हुआ है तथा पहले से ही यातायात के दबाव के कारण संवेदनशील बना हुआ है। जनहित एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंचायत ने प्रशासन से सपिया खरसिया मार्ग पर प्रस्तावित देशी विदेशी मदिरा दुकान की निविदा तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### 5 फरवरी से कलमा में तीन दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

**चंद्रपुर।** नगर से लगे चंद्रपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलमा में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्व. नीलांबर प्रसाद नंदे एवं स्व. वेणुधर नंदे की स्मृति में आयोजित की जा रही है, जिसका आयोजन 5 से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया गया है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से कबड्डी टीमों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार पंकज नंदे व रविकांत नंदे द्वारा प्रदान की जाएगी। वहीं द्वितीय पुरस्कार 10-101 डूगू राम उरांव एवं दुःखभंजन उरांव के सौजन्य से रखा गया है। तृतीय पुरस्कार 7 हजार 101 प्रकाश जयसवाल द्वारा तथा चतुर्थ पुरस्कार 3,101 केशव नंदे द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### कटनी में 23 को होगी महिला सेना पुलिस भर्ती रैली

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिन्झारी, कटनी मप्र में किया जाएगा। इस भर्ती रैली में सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आने वाले सभी 33 जिलों की वे महिला उम्मीदवार भाग लेंगी, जिन्होंने कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था। केवल वही महिला उम्मीदवार इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगी, जिन्होंने ऑनलाइन परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच 24 फरवरी को सेना अस्पताल, जबलपुर में की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पत्नी और सास ...

जगरमनी बाई की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने दिखाया सख्त रुख- मामले की सुनवाई के बाद 2 फरवरी 2026 को विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण न्यायालय ने अभियोजन साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए आरोपी खीरसागर यादव को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (दो बार) के तहत आजीवन कारावास एवं 500 रु.-500 रु.के अर्थदंड से दंडित किया। मजबूत पैरवी और विवेचना- प्रकरण में शासन की ओर से लोक अभियोजक अजीत रजक ने प्रभावी पैरवी की, वहीं मामले की विवेचना एसडीओपी पत्थलगांव डॉ.धुर्वेश कुमार जायसवाल द्वारा की गई।

# चेक डैम से खेती व होगा जल सरंक्षण

# मोर गांव मोर पानी से संवरेगी खेती, सरपंचों ने लिखी पाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

महात्मा गांधी नरेगा योजना से वर्तमान में जल स्तर एवं जल संवर्धन के संबंध में जिले के समस्त 07 विकासखंडों में जल सरंक्षण संबंधी कार्या को बढ़ावा देने के लिए डबरी, स्टॉप डेम, चेक डेम, गेबियन, तालाब गहरीकरण, नए तालाब, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, लूज बोल्डर चेक डेम मिनी परकोलेशन टैंक और कुआं निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मोर गांव मोर पानी महाअभियान को क्रियान्वित करने के लिए रायगढ़ जिला दृढ संकल्पित है एवं इसके तहत विभिन्न प्रकार की जल सरंक्षण एवं संग्रहण संबंधी सरंचनाएं स्टॉप डेम, चेक डेम, गेबियन, कुआं जैसे कार्या प्राथमिकता देते हुए स्वीकृति प्रदान की जा रही है। भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार, जिले के विकासखंडों को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर विभाजित किया गया है। वर्तमान में 02 ब्लॉक सेमीक्रिटिकल जिसमे तमनार एवं पुसौर तथा 05 ब्लॉक सेफ श्रेणी में हैं। केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए सेमीक्रिटिकल ब्लॉकों में 40 प्रतिशत और सेफ ब्लॉकों में 30 प्रतिशत व्यय अनिवार्य रूप से जल संरक्षण कार्यों पर किया जा रहा है।



### ग्राम पंचायतों में चेक डेम एवं स्टॉप डेम की स्वीकृति

कया ग्राम पंचायत में स्टाप डेम निर्माण कार्य 16.681 लाख रुपए, बटुराकछार ग्राम पंचायत में स्टाप डेम निर्माण कार्य 16.681 लाख रुपए, चिमटापानी ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 16.474 लाख रुपए, पुसल्दा ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 16.440 लाख रुपए, टेरम ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 17.002 लाख रुपए, चिल्कागुड़ा ग्राम पंचायत में चेकडेम निर्माण कार्य 19.778 लाख रुपए, उपरोक्त ग्राम पंचायतों में चेकडेम स्टापडेम की स्वीकृति से सरपंच श्रीमती सुकान्ति राठिया, निकेष राठिया, ईन्दरसाय राठिया, संतुराम राठिया, श्रीमती श्यामवती राठिया, प्रदीप कुमार राठिया ने जिला प्रषासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उपरोक्त बहुप्रतिक्षित मांग पुरी हुई है। इससे भू जल स्तर पर वृद्धि एवं प्रत्येक पंचायतों में 20.25 एकड़ भूमि में सिंचाई सुविधा सुनिष्चित होगी और गांव के किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उपरोक्त हमारे ग्राम पंचायत किसी भी प्रतिबंधित एवं प्रभावित क्षेत्र के दायरे में नहीं आते हैं तथा ग्रामीण विकास के लिए हमेशा मील का पत्थर साबित होंगे।

### बहुआयामी जल संरचनाओं को मिली स्वीकृति

प्रशासन द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में डबरी, स्टॉप डेम, चेक डेम, गैब्रियन, तालाब गहरीकरण, नए तालाब, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, लूज बोल्डर चेक डेम मिनी परकोलेशन टैंक और कुआं निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इन कार्यों से वर्षा जल का प्रभावी संचयन सुनिश्चित होगा, जिससे भीषण गर्मी के दिनों में भी निस्तारी और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा।

### राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान और आगामी संकल्प

रायगढ़ जिला जल प्रबंधन के क्षेत्र में देश के अग्रणी जिलों में शुमार हो चुका है। हाल ही में जिले को जल शक्ति जन भागीदारी 1.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय श्रेणी में 25 लाख रुपये का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस सफलता से उत्साहित जिला प्रशासन अब जल शक्ति जन भागीदारी 2.0 में भी शीर्ष स्थान और अवार्ड प्राप्त करने हेतु पूरी निष्ठा के साथ दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहा है।

### लक्ष्य आधारित कार्य सोक पिट निर्माण

जिला प्रशासन ने स्वच्छता और जल संवर्धन को जोड़ते हुए एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा 10 दिनों में 1800 सोक पिट और 100 दिनों में 18,000 सोक पिट निर्माण का वृहद अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास हितग्राही के घर के समीप एक सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है, जिससे गंदे पानी का प्रबंधन और भू.जल रिचार्ज एक साथ संभव हो सकेगा।



# राज्यपाल ने नम्रता को किया सम्मानित, मिले 5 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुसौर

खेत और घर से जुडे परिश्रम के बीच इतना सधा हुआ सुर निकलेगा इसकी कल्पना शायद किसी ने नहीं किया होगा, लेकिन नम्रता गुप्ता इसे केवल कर ही नहीं दिखाया बल्कि इन्होंने राज्यपाल के हाथों 5 स्वर्णपदक भी प्राप्त किए।

पुसौर क्षेत्र के ग्राम टिनमिनी निवासी के एक ऐसे ही किरदार कैवल्य प्रधान हैं जिनका पुत्र सदानंद प्रधान घरेलू कृषि कार्य करते हुए संगीत के क्षेत्र में भी आगे जाना चाहते थे जिन्हें शायद वो प्लेटफार्म नहीं मिला, लेकिन इन्होंने ये ठान लिया कि इस क्षेत्र में उनकी बेटी नम्रता प्रधान जरूर आगे जाएगी जिसके लिए इन्होंने जहां स्वर साधना करवाया और अलग-अलग संगीत विश्वविद्यालयों में दाखिला दिलाकर दक्षता हासिल करवाया। इसमें वो इतनी काबिल बनी की अपने संगीत के बल पर अपनी केरियर को भी आगे बढाया। जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय में नम्रता गुप्ता मास्टर आप प्रोफार्मिंग आर्ट की डिग्री हासिल करने के बाद भोपाल संगीत विद्यालय में ये पीएडी कर रही हैं साथ ही दुधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में म्यूजिक गेस्ट प्रोफेसर हैं। खैरागढ़ संगीत युनिवर्सिटी में ये संगीत संकाय वर्ष 2023-24 में मेघराज जैन स्वर्ण पदक, एमपीए, गायन, पदमाकर यशवंतराव बख्शी स्वर्ण पदक, एमए गायन, स्व श्रीमती तुलसादेवी हीरालाल जाययसवाल, एमपीए गायन, श्रीमती षैलबाला सुरेन्द्रनाथ मिश्र, स्मृति स्वर्ण पदक एम ए गायन तथा 5. स्व डा अमरेष चंद्र चौबे स्मृति स्वर्ण पदक एमपीए गायन के टास्क में विषेश योग्यता हासिल होने के फलस्वरूप महामहीम राज्यपाल रमेन डेका ने सत्रहवें दीक्षान्त समारोह 2026 में इन पांच विषयों का स्वर्णपदक प्रदाय किया।

# आज से शहर में बहेगी श्रीमद् भागवत कथा की अमृत धारा

**जशपुरनगर।** शहर के श्री हरिकीर्तन भवन में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा बुधवार भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। श्रीहरि कीर्तन भवन के संरक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि कलश यात्रा सुबह 9 बजे पक्कीडांड़ी से शुरू होगा। यहां से श्रद्वालु महिलाएं कलश में तालाब का पवित्र जल भर कर महाराजा चौक, हनुमान मंदिर चैक होते हुए श्रीहरि कीर्तन भवन पहुंचेगें। भागवत कथा प्रति दिन साढ़े 6 बजे से शुरू होंगी।

श्रद्वालुओं को कथा का रसपान कराने वृंदावन के प्रसिद्व कथाकार



आचार्य करूणा शंकर महाराज का जशपुर आगमन हो चुका है। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष कमलकांत वर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के कार्यकर्ता कथा स्थल पर मार्गदर्शक रामनिवास अग्रवाल, सुशील मुंदडा राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल के निर्देशन में तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है।

### शहरवासियों को किया आमंत्रित

उल्लेखनीय है कि सीमा गुप्ता, नीतू गुप्ता स्वेता सिंह रेखा गुप्ता कंचन सोनी, रानी गुप्ता ,शशि साहू ,अनुराधा चैरसिया, अर्चना गुप्ता, सावित्री बरेठ सहित समिति के स्वयंसेवकों ने शहरवासियों को पीला चावल दे कर कथा और कलश यात्रा के लिए घर-घर में दस्तक देने का काम पूरा कर चुकी है। समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा और कथा में शामिल होने की अपील की है।

# शिवरात्रि और शिव बारात की तैयारियां प्रारम्भ, बैठक में निर्णय

**खरसिया।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी को शिव बारात निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी के लिए शिव मंदिर भगत तालाब में एक बैठक रखी गई थी, जिसमें शिव बारात के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

गौरतलब है कि शिवभक्तों के द्वारा विगत चार वर्षों से शिवरात्रि के अवसर पर भोले बाबा की बारात निकाली जा रही है, जिसकी तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित कर नगरवासियों से सुझाव तथा परामर्श लेने के पश्चात इस वर्ष भी शिव बारात को धूमधाम से निकालने का निर्णय लिया गया, बैठक में लिए निर्णय के अनुसार 15 फरवरी को शाम 3 बजे से शिव मन्दिर भगत तालाब से शिव बारात निकाली जाएगी जो गोपाल राइस मिल के पास से लौटकर सुभाष चौंक से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से नगर भ्रमण कर वापिस



शिव मन्दिर में बारात का समापन किया जाएगा। शिव मन्दिर में महाआरती के बाद महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा शिवभक्तों के द्वारा जगह जगह पर शिवबारात का स्वागत भी किया जाएगा। शिव बारात में इस वर्ष मेरठ के कलाकारों के द्वारा शिव गणों सहित भूत प्रेतों की झांकी भी निकाली जाएगी तथा आकर्षक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। शिवभक्तों के द्वारा इस वर्ष भी शिव बारात के अगले दिन विशाल महाभण्ड़ारा का आयोजन किया जा रहा है। शिव बारात तथा शिवरात्रि के पर्व को भव्यता से मनाने के लिए शिव परिवार के श्यामसुन्दर अग्रवाल, विजय मिले, सुनील अग्रवाल पत्रकार, मनीष अग्रवाल, सतीष अग्रवाल, नारायण चक्रधारी, मुकेश अमलडीहा, सुरेश शम्भू, दीनदयाल अग्रवाल, आशीष शर्मा, दिलीप शर्मा, शेरू शर्मा, आकाश शर्मा, विकास कबुलपुरिया, प्रमोद अग्रवाल, टीनू शर्मा, शुभम अग्रवाल, मोहन केशरवानी, ललित बंसल, सत्यनारायण मुर्रा, राजा अग्रवाल रोशन सहित नगर के राम सराफ, सुरेश कबुलपुरिया, राजेश घनसू, चीनू शर्मा पार्षद, प्रभात लाट, आशीष गुप्ता, नीरज पिलानिया, बंटी कबुलपुरिया समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं की समीक्षा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा करते हुए ओडीएफ प्लस मॉडल, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, गांवों में कचरा संग्रहण व्यवस्था, हाट-बाजारों की नियमित साफ-सफाई, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा स्वच्छता श्रमदान की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों एवं



शौचालयों के निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मातृत्व वंदन योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी कार्य भी समय पर पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। खाद्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने राशन कार्डों के ई-केवाईसी कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही संदिग्ध राशन कार्डों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसमें जांच, डुप्लीकेट कार्ड निरस्त करना एवं अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाना शामिल है, ताकि केवल पात्र एवं जरूरतमंद हितग्राहियों को ही

■ हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने विशेष कार्ययोजना बनने के दिए निर्देश

शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने 20 फरवरी को आयोजित होने वाले चावल उत्सव की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया। इसके अलावा उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत सुशासन तिहार में आए आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने और विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिलाने को कहा। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने निस्तारी तालाबों को छोड़कर अन्य शासकीय तालाबों का नियमानुसार पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे जरूरतमंदों को रोजगार उपलब्ध हो सके। साथ ही एनएफडीबी के अंतर्गत मछुआ पालक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने तथा उन्हें केसीसी योजना से जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में पेंशन योजना के हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विभिन्न शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रत्येक किसान का फार्मर आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य है। इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर सभी किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने के निर्देश दिए।

# 3 दिन में 74 गौवंश मुक्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान "ऑपरेशन शंखनाद" अब निर्णायक मोड़ पर दिख रहा है। बीते तीन दिनों में अलग-अलग कार्रवाइयों में पुलिस ने तस्करों के चंगुल से कुल 74 नग गौवंश मुक्त कराए हैं। थाना नारायणपुर व चौकी मनोरा क्षेत्रांतर्गत हुई इन बड़ी कार्रवाइयों में दो आरोपी जिसमें एक विधि से संघर्षरत बालक सहित पुलिस की गिरफ्त में आए हैं, जबकि शेष फरार तस्करों की पहचान कर पता-साजी तेज कर दी गई है।

■ ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, कलमा में तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत 2 जनवरी की रात ग्राम चटकपुर-बेने के पास ईब नदी किनारे मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की। झारखंड की ओर पैदल, बेरहमी से हांककर ले जाए



जा रहे 32 गौवंश को मौके पर मुक्त कराया गया। पुलिस को देख तस्कर भागने लगे, लेकिन अमन टोप्पो उम्र 20 वर्ष निवासी कजरा- कनपोड़ा तथा 16 वर्षीय विधि से संघर्षरत बालक को दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य 11 साथियों के साथ तस्करी की बात कबूली। वैध दस्तावेज न मिलने पर गौवंश जब्त किए गए और पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अमन टोप्पो को न्यायिक रिमांड पर जेल व बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

### मनोरा में ग्रामीणों के साहस से 42 गौवंश सुरक्षित

31 जनवरी की शाम ग्राम केसरा के बड़ा पहाड़ जंगल में ग्रामीणों की तत्परता से 42 गौवंश तस्करों के कब्जे से छुड़ाए गए। सूचना पर चौकी मनोरा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। ग्रामीणों को देखकर तस्कर जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। यहां कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(क)(घ) के तहत अपराध दर्ज कर जांच जारी है।

### किसी को बक्शा नहीं जाएगा

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने स्पष्ट किया कि गौ तस्करी पर जीरो टॉलरेंस है। तीन दिनों में 74 गौवंशों की मुक्ति और दो आरोपियों की गिरफ्तारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। फरार आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा—किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं का किया सम्मान



**चंद्रपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के सफलतम 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड चंद्रपुर द्वारा नगर पंचायत चंद्रपुर में उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल भुगतान, बिजली की बचत करने वाले तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं और सोलर पैनल अपनाने वाले एकल व्यक्ति कनेक्शन धारी, गैर घरेलू उपभोक्ता, कृषक जीवन ज्योति उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, विशिष्ट अतिथि तिलेश माली भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद गण, अनिल सोनवानी जी सीएमओ नगर पंचायत चंद्रपुर, गिरजा शंकर यादव, गौरी गुप्ता, कमल अग्रवाल, सहायक अभियंता सागर ताम्रकार, कनिष्ठ यंत्री राजेंद्र सिदार एवं अभिषेक तिवारी, तकनीशियन कर्मचारी, अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया सभी उपभोक्ताओं को बिजली की बचत करने आगे आना होगा ताकि आपका एक छोटा सा प्रयास से हमें बिजली अव्यवस्थाओं का सामना करना न पड़े। बिजली का कम खपत के लिए सौर ऊर्जा पैनल का उपयोग करें। कार्यक्रम को कनिष्ठ अभियंता राजेंद्र सिदार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गौरी गुप्ता ने किया और आभार कनिष्ठ यंत्री अभिषेक तिवारी ने किया।

### विदाई समारोह में शामिल हुए जिलाध्यक्ष अनिल

**कोसीर।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ रायपुर के प्रांताध्यक्ष बिन्देश्वर राम रौतिया का अर्द्धवार्षिकी पूर्ण होने पर उनके निवास रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम में सेवानिवृत विदाई कार्यक्रम रखा गया था। कमल वर्मा प्रदेश संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन रायपुर के अध्यक्षता मे विदाई कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व विधायक विजय अग्रवाल जी के कर कलमो से कार्यक्रम की रूप रेखा दिया गया। इस कार्यक्रम मे तमाम छत्तीसगढ़ के अनेक संगठन से आये प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारिणी पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष कार्यकारिणी पदाधिकारी अति विशिष्ट अतिथि रहे एवं छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ मे समस्त प्रदेश कार्यकारिणी, समस्त संभाग के समस्त कार्यकारिणी एवं सभी जिलों से आये समस्त जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी विशिष्ट अतिथि रहे एवं रायगढ़ जिले के जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक आजाक कार्यकारिणी एवं हजारों की संख्या में समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्व.रोशन की 5वीं पुण्य तिथि पर हनुमान चालीसा पाठ



**पुसौर।** भाजपा के सशस्त्र प्रहरी के रूप में रोशन लाल अग्रवाल 1990 आस पास से जाना जाता है। ये लोगों से मिलते थे तो उन्हें हनुमान चालीसा भेंट करते हुए अपने संवाद प्रारंभ करते थे। यह सिलसिला उनके विधायक बनने के बीच भी रही और ये जब तक थे तब तक भी रहा इसलिए प्रायः उनके जन्मदिन अथवा पुण्यतिथि पर उनके समर्थक निश्चित ही हनुमान चालीसा पाठ करवा करवा कर अपने भावना व्यक्त करते रहे हैं। इस तारतम्य में उनके पांचवी पुण्यतिथि पर नगर पंचायत पुसौर के सबसे पुरातन हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। नगर पंचायत पुसौर के पूर्व पार्षद व जननेता रोशनलाल के करीबी रहे जगन्नाथ प्रधान के अगुवाई में हुआ जिसके लिए पूर्व एल्डरमेन घनश्याम पटेल ने नगर भाजपा ग्रुप में लोगों को संदेश पहुंचाया था। इसमें वरिष्ठ नागरिक बद्रीनारायण महाना हरिहर साव सुदाम कशेर पुजारी उत्तम पंडा मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व उपाध्यक्ष अभिमन्यु साहू, पार्षद पप्पू यादव, पार्षद फागूलाल प्रधान, पार्षद मंगल साव, संतोष नायक सहित आसपास के माताएं, कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

